हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 26 जनवरी, 2024


तापमान

अधिकतम 14 .5 डिग्री

न्यूनतम 3 .8 डिग्री


13 यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों पर भारी जुर्माना लगाने के आदेश





14 नव मतदाता वोट का उपयोग श्रेष्ठ राष्ट्र निर्माण के लिए अवश्य करें




## खबर संक्षेप

### मुख्य आरोपियों का साथ देने वाला गिरफ्तार

**हांसी।** हांसी पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने प्रदीप उर्फ काला बडाला की हत्या करने के मुख्य आरोपियों का साथ देने में 9वें आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान जमावड़ी निवासी नवीन के रूप में हुई है। आरोपित ने प्रदीप उर्फ काला बडाला की हत्या करने वाले मुख्य आरोपियों की मदद करते हुए और उन्हें पुलिस से बचाने के लिए वारदात के बाद अपनी गाड़ी में

### हिसार-जयपुर रात्रि बस सेवा फिर शुरू

**हिसार।** राज्य परिवहन के हिसार डिपो ने जयपुर के लिए रात्रि सर्विस को पुनः शुरू कर दिया है। अत्यधिक ठंड व धुंध के चलते इसे पिछले दिनों बंद कर दिया था। डिपो के कार्य निरीक्षक कुलदीप जेवरा ने बताया कि हिसार से जयपुर के लिए रात्रि सर्विस 9.13 बजे काफी समय से चल रही थी। धुंध बढ़ने के कारण इसे पिछले दिनों बंद कर दिया था। अब इसे पुनः शुरू कर दिया गया है ताकि यात्री परेशान न हो।

### जयवीर प्रधान व सुनील बने वरिष्ठ उपप्रधान

**बरवाला।** बाड़ो पट्टी के प्रांगण में ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन का सर्वसम्मति से चुनाव संपन्न करवाया गया। इसमें जयवीर खेदड़ को प्रधान और सुनील शर्मा को वरिष्ठ उपप्रधान तथा कुलदीप पंघाल को सचिव का पद सौपा गया। सागर को सहसचिव पद और राजकुमार को वित्त सचिव पद तथा अनूप सैनी को उपप्रधान पद और नरेंद्र राजली को संगठन कर्ता पद व सोनू कुमार को सलाहकार का पद सौपा गय।

## सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल करेंगे ध्वजारोहण, लेंगे समाली

# गणतंत्र दिवस समारोह के लिए तैयार महाबीर स्टेडियम

- प्रशासन ने गणतंत्र दिवस कार्यक्रम को दिया अंतिम रूप
- पुलिस ने किए व्यापक प्रबंध, चलाया चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिले में गणतंत्र दिवस समारोह मनाने की तैयारियां पूरी कर ली गई है। शांतिपूर्ण व सुचारू कार्यक्रम के लिए प्रशासन व पुलिस ने कड़े प्रबंध किए हैं। राज्य के सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल महाबीर स्टेडियम में होने वाले समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर सुबह 10 बजे ध्वजारोहण करेंगे। प्रशासन ने पूरे कार्यक्रम को अंतिम रूप दे दिया गया है।

कार्यक्रमानुसार मुख्य अतिथि डॉ. बनवारी लाल 9.58 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे और दो मिनट बाद ध्वजारोहण करेंगे। तत्पश्चात मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करके अपना संबोधन देंगे। संबोधन के पश्चात वे स्वतंत्रता सेनानियों व लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित करेंगे। इसके बाद मार्चपास्ट व इनाम व प्रशंसा पत्र बांटे जाएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद झांकियां होंगी और इसके बाद स्कूली विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रगान पेश किया जाएगा।

उधर, गणतंत्र दिवस समारोह को शांतिपूर्ण व सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने कड़े व व्यापक प्रबंध किए हैं। डीएसपी गौरव शर्मा परेड की कमांन संभालेंगे। इस अवसर पर जिला पुलिस की तीन प्लाटून, दुर्गा शक्ति की एक, हरियाणा सशस्त्र पुलिस की एक प्लाटून, हरियाणा गृह रक्षी की एक प्लाटून, एनसीसी के लडके व लड़कियों की तीन प्लाटून, स्काउट की दो प्लाटून परेड समारोह में भाग लेंगी। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। प्रशासन द्वारा अच्छे व सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों और बच्चों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।



हांसी। सीलिंग प्लान के दौरान पुलिस नाका पर तैनात पुलिस कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद।

### पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस अवसर पर जिला पुलिस द्वारा समारोह को शांतिपूर्वक ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए है। गणतंत्र दिवस समारोह से पूर्व के सुरक्षा प्रबंध में समारोह स्थल तथा महाबीर स्टेडियम के अंदर व बाहर की तरफ सघन चैकिंग करवाई जा रही है। बस स्टेंड, रेलवे स्टेशन, होटल व ढ़ाबा, धर्मशाला, गेस्ट हाउस इत्यादि स्थानो को व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों को बारीकी से चेक कर, चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है।

### महाबीर स्टेडियम को दो सेक्टरों में बांटा

गणतंत्र दिवस समारोह के दिन सुरक्षा के लिए महाबीर स्टेडियम को दो भागों में विभाजित किया गया है। इसमें सेक्टर 1 में महाबीर स्टेडियम के अंदर का समस्त भाग जिसमें वीआईपी स्टेज व सभी द्वार शामिल हैं। सेक्टर दो में महाबीर स्टेडियम के बाहर का हिस्सा जिसमें मुख्य द्वार व वाहन पार्किंग को रखा गया है। महाबीर स्टेडियम हिसार में आम जनता व कलाकारों के प्रवेश के लिए चार द्वार निश्चित किए गए हैं। प्रवेश द्वार 1 और 2 को मधुबन पार्क की तरफ से आम जन के लिए व प्रवेश द्वार 3 और 4 पंचायत भवन की ओर से महाबीर स्टेडियम से जोड़े गए हैं।

### सुचारू यातायात के किए प्रबंध

गणतंत्र दिवस पर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए फव्वारा चौक, फ्लाइओवर ब्रिज व टी प्वाइंट महावीर स्टेडियम हिसार तक रूट व्यवस्था लगाई गई है तथा कैनाल रेस्ट हाऊस/मधुबन पार्क गेट के पास नाका व पार्किंग, टी प्वाइंट शर्मा अस्पताल के सामने नाका, जिंदल टावर के पास नाका और एचएयू गेट नंबर 1 के पास नाका लगाया गया है। साथ ही गणतंत्र दिवस पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए रानी लक्ष्मीबाई चौक, मलिक चौक, फव्वारा चौक, राजकीय कॉलेज के प्रवेश द्वार(पंचायत भवन की तरफ), कुम्हार धर्मशाला, हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गेट नंबर एक पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

### हांसी पुलिस ने 122 वाहनों के किए चालान

**हांसी।** गणतंत्र दिवस व सीलिंग प्लान के तहत जिला पुलिस द्वारा बृहस्पतिवार सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक जिला पुलिस क्षेत्र में 36 नाके लगाकर नाकाबंदी करके पूरे जिले को सील किया गया। सीलिंग प्लान के तहत जिला में विभिन्न स्थानों पर विशेष नाकाबंदी करके वाहनों की गहनता से जांच की गई। यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सीलिंग प्लान के दौरान नाकाबंदी करके 1511 वाहनों को चेक किया गया तथा यातायात के नियमों के उल्लंघन करने वाले कुल 122 वाहनों के चालान किए गए। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस दौरान बिना हेलमेट के 4, बिना सीट बेल्ट के 7, तेज गति के 18, नो पार्किंग के 11, चेंज लेन ड्राईविंग के 7, प्रेशर हॉर्न के 2 चालान, व अन्य यातायात के नियम तोड़ने वालों के 75 चालान किए गए। वहीं एक बुलेट मोटरसाइकिल का सलेंसर से गोली जैसी आवाज निकालने पर 12 हजार रुपए का चालान किया गया, इस दौरान 5 व्यक्ति संदिग्ध व्यक्तियों को चैक किया गया। सीलिंग प्लान के दौरान वाहन चोरी निरोधक टीम ने एक व्यक्ति को चोरी की मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपित की पहचान बवानीखेड़ा के वार्ड नंबर 12 निवासी सुरेश के रुप में हुई है।

### मजदूरी के रुपये मांगने पर मजदूर को पीटा

**हांसी।** मजदूरी के रुपये मांगने पर ठेकेदार द्वारा मजदूर की पिटाई किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घायल मजदूर को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने नागरिक अस्पताल पहुंच घायल मजदूर ढाणी पीरांवाली निवासी जयपाल के बयान दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। ढाणी पीरांवाली निवासी जयपाल ने बताया की वह भाटिया कालोनी निवासी गुलशन ठेकेदार के साथ पिछले एक साल से पेंटर का काम कर रहा था और उसने गुलशन ठेकेदार से दिवाली के कुछ दिन की दिहाड़ी के रुपये लेने थे। जयपाल ने बताया कि दिहाड़ी के रुपये लेने के लिए उसने ठेकेदार गुलशन को फोन कर उसका हिसाब करने के लिए कहा तो गुलशन ने कहा कि मैं आधे घंटे तक आ रहा हू। फिर करता हूं। जयपाल ने बताया कि आधे घंटे के बाद फिर से गुलशन को फोन किया तो वह शराब के नशे में तीन लोगों के साथ उसके पास आया और आते ही सबने मिलकर उस पर हमला कर दिया।



























# मौलिक अधिकारों के साथ जानो अपने मौलिक कर्तव्य भी

हमारे संविधान ने जहां नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर कुछ मौलिक अधिकार दिए हैं, वहीं कुछ मौलिक कर्तव्य भी सूचीबद्ध किए हैं। देशहित में इनका निर्वाह जरूरी है। बच्चों, तुम्हारे लिए इन मौलिक कर्तव्यों की जानकारी जरूरी है, ताकि तुम देश के विकास और अमन-शांति में अपना योगदान दे सको।

जानकारी

शिखर चंद जैन

बच्चों, भारतीय संविधान में नागरिकों को मौलिक अधिकार दिए गए हैं, साथ में कुछ मौलिक कर्तव्य भी बताए हैं, जो देश और नागरिकों के हित-कल्याण के लिए जरूरी हैं। सबसे पहले संक्षेप में बात करते हैं मौलिक अधिकारों की। भारतीय संविधान में जो प्रमुख मौलिक अधिकार दिए हैं, ये हैं- अपनी बात की अभिव्यक्ति का अधिकार, अच्छे स्वास्थ्य का अधिकार, शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने का अधिकार, अच्छा जीवन जीने का अधिकार और व्यक्तिगत पहचान कायम रखने का अधिकार। इन अधिकारों के साथ भारतीय संविधान में बच्चों के लिए भी कुछ मौलिक अधिकार बनाए हैं। जैसे- शिक्षा का अधिकार, बाल मजदूरी से मुक्ति का अधिकार। अगर कहीं बच्चों के साथ अन्याय हो रहा है या उनके अधिकारों का हनन हो रहा है तो उनके अभिभावक, बच्चों से जुड़ी संस्थाओं या सजग बच्चे कानून की सहायता लेकर अपने अधिकारों की रक्षा कर सकते हैं।




बच्चों, अब बात करते हैं संविधान में बताए मौलिक कर्तव्यों की, जो देशहित के लिए बहुत जरूरी हैं, इन्हें भी जानो-

**हमारे मौलिक कर्तव्य :** बच्चों, भारतीय नागरिकों को संविधान से अधिकार मिलने के साथ, देश-संविधान के प्रति कुछ दायित्व-कर्त्तव्य भी बताए गए हैं, जिन्हें निभाने के लिए हमें सदैव तत्पर रहना चाहिए। कम लोगों को पता है कि संविधान में 42वें संविधान संशोधन के माध्यम से नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों को सूचीबद्ध किया गया है। इसकी जानकारी हम सबके लिए जरूरी है।

**जरूरी है संविधान का पालन :** भारत का नागरिक होने के नाते हमें देश के संविधान में पूरी आस्था होनी चाहिए, इसका अनुपालन करना हमारा सर्वप्रथम कर्तव्य है। हमें संविधान का कभी उल्लंघन नहीं करना चाहिए। जब भी किसी को ऐसा करते देखें तो बड़ों की जानकारी में लाएं। इसके अलावा हम कई छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर अपने राष्ट्र को मजबूत, सुरक्षित और समृद्ध बना सकते हैं।

**देश में सांप्रदायिक सद्भाव कायम रखें :** देश में सांप्रदायिक सद्भाव कायम रखना और अपने अलावा दूसरे नागरिकों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करना, हर नागरिक कर्तव्य है। साथ ही देश की प्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा और उसे अक्षुण्णता सभी नागरिकों का आवश्यक कर्तव्य है। हमें जाति, धर्म या संप्रदाय के आधार पर किसी से भेदभाव नहीं करना चाहिए। हमें भी इन मौलिक कर्तव्यों का पालन करना चाहिए।

**राष्ट्रीय गौरव की रक्षा :** देश के स्थापित आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करना हम सबका कर्तव्य है। हमारी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासतों, गौरवशाली इतिहास, स्मारकों, धर्मस्थलों और तीर्थों की रक्षा और सम्मान करना भी हमारा कर्तव्य है। कोई इन्हें नुकसान पहुंचा रहा हो तो उसे रोकें या बड़ों को बताएं।

**सार्वजनिक संपत्तियों की रक्षा :** देश की सार्वजनिक संपत्तियों, सड़कों, परिवहन व्यवस्था आदि को नुकसान से बचाना, उन्हें स्वच्छ रखना और उनका जिम्मेदारी से उपयोग करना हमारा कर्तव्य है। हमें ना किसी प्रकार के हिंसक प्रदर्शन, जान-माल की हानि या आगजनी जैसे कृत्य में शामिल होना चाहिए, ना प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इनका समर्थन करना चाहिए। देश हित के लिए यह जरूरी है।

**पर्यावरण की रक्षा :** पर्यावरण की रक्षा और संवर्धन करना, प्रदूषण ना फैलाना, ग्लोबल वार्मिंग की रोकथाम आदि में देश के हर नागरिक की जिम्मेदारी बनती है। हम बच्चों की भी पर्यावरण की सुरक्षा की जिम्मेदारी बनती है, इसके लिए हमें अपने साथियों को भी प्रेरित करना चाहिए। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड का मानना है कि देश में 10,000 टन से ज्यादा प्लास्टिक के कचरे का सही निस्तारण नहीं हो पाता, जिससे यह समुद्रों और जमीन में प्रवेश करके प्राकृतिक पर्यावरण को नष्ट करता है। सबसे ज्यादा प्लास्टिक कचरा हमारे घरों से निकलता है। इसलिए हमें प्लास्टिक और ऐसी चीजों के उपयोग से बचना चाहिए। इसमें बच्चे अपना योगदान दे सकते हैं। देश में ही नहीं, विश्व में भी बच्चों ने प्रदूषण के खिलाफ आवाज उठाकर एक मिसाल कायम की है।





**संसाधनों का सही उपयोग :** बिजली और पानी जैसे संसाधनों की बर्बादी ना करना आदि हमारे कर्तव्य हैं। इससे देश को आर्थिक लाभ भी होता है। हमें कमरे से बाहर जाने पर लाइट का स्विच बंद कर देना चाहिए। पानी का इस्तेमाल ना होने पर नल बंद कर देना चाहिए और जरूरत के अनुसार पानी का इस्तेमाल करना चाहिए। साथ ही ट्रैफिक नियमों का पालन करना जैसी छोटी-छोटी बातें भी जरूरी हैं, इन पर हमें ध्यान देना चाहिए।

बच्चों, हमें यह कभी नहीं समझना चाहिए कि संविधान या देश के प्रति जो कर्तव्य हैं, उनकी जिम्मेदारी बड़ों की है, यह जिम्मेदारी हम बच्चों की भी है। बचपन से ही जब हम इन जिम्मेदारियों को जानेंगे-समझेंगे, इनका निर्वाह करेंगे तो हमारी आदत बन जाएगी। बड़े होने पर देश के प्रति अपने कर्तव्यों और ज्यादा बेहतर ढंग से निभाएंगे, अपने गणतंत्र को मजबूत बनाएंगे। *

बच्चों, किसी राष्ट्रीय समारोह या राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर तुमने 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा' गीत सुना होगा या सबके साथ गाया भी होगा। यह हम भारतीयों का झंडा गीत है। श्यामलाल गुप्त 'पार्षद' द्वारा रचित यह गीत, झंडा गीत कैसे बना, जानो?

# झंडा गीत के रचनाकार श्यामलाल गुप्त 'पार्षद'

विभूति

बच्चों, झंडा गीत की रचना श्यामलाल गुप्त 'पार्षद' ने की थी। श्यामलाल गुप्त का जन्म 9 सितंबर 1896 में उत्तर प्रदेश स्थित कानपुर जिले के नरवल नाम के कस्बे में हुआ था। कविताएं लिखने में उनकी रुचि बचपन से ही थी। सन् 1921 में महात्मा गांधी जी के आह्वान पर अन्य देशवासियों की तरह श्यामलाल भी स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े। इस दौरान वह कई बार जेल गए, यातनाएं सहीं और जुर्माने भरे। इस बीच श्यामलाल की कविताएं बराबर समाचार पत्र 'दैनिक प्रताप' में छपती रहीं। सन् 1924 में एक दिन श्यामलाल जी गणेश शंकर विद्यार्थी से मिले। विद्यार्थी जी ने उनसे एक झंडा गीत लिखने का आग्रह किया। तब श्यामलाल जी ने बहुत मेहनत से उसी दिन, रात भर जागकर दो झंडा गीत लिखें और विद्यार्थी जी को दिए। विद्यार्थी जी को दोनों ही गीत पसंद आए। उन्होंने वे दोनों गीत राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन को दिखाए, उन्हें भी ये दोनों गीत अच्छे लगे। लेकिन राजर्षि जी को 'राष्ट्र गगन की दिव्य ज्योति राष्ट्रीय पता का नमो नमो!' से भी ज्यादा 'झंडा ऊंचा रहे हमारा, विजयी विश्व तिरंगा प्यारा!' पसंद आया, क्योंकि यह गीत सरल शब्दों में लिखा गया था। राजर्षि जी ने झंडा गीत के छह में से दो पद हटा कर उसे चार पदों में कर दिया। इस तरह चार पदों का झंडा गीत भारत के जन-जन के कंठ में बस गया। सबसे पहले झंडा गीत कांग्रेस के कानपुर अधिवेशन में पंडित जवाहरलाल नेहरू की उपस्थिति में श्रीमती सरोजनी नायडू ने गाया था। गीत इतना जोश भरा और कर्णप्रिय था कि पंडित नेहरू ने इसे 'राष्ट्रीय झंडा गीत' घोषित कर दिया। उस समय भारत की 85 प्रतिशत जनता अशिक्षित थी, लेकिन श्यामलाल जी का झंडा गीत करोड़ों भारतीयों के कंठों में बस कर अमर हो गया। बच्चों, 26 जनवरी 1973 में श्यामलाल गुप्त 'पार्षद' को मरणोपरांत पद्मश्री से सम्मानित किया गया। 4 अगस्त 1997 को उनके सम्मान में डाक टिकट भी जारी किया गया। *



**प्रस्तुतिः शिवचरण चौहान**

## बूझो तो जानें



1
26 जनवरी को हुआ लागू,
यह पूरे भारत देश में।
इसीलिए मनाएं गणतंत्र दिवस,
हम सब उल्लास में।।

2
नर पंछी नारी से सुंदर,
वर्षा में नाच है दिखाता।
मनमोहक कृष्ण को प्यारा,
राष्ट्रीय पक्षी कहलाता।

3
जंगल में हो या पिंजरे में,
रौब सदा दिखलाता हूं।
सुनहरे शरीर पर हैं धारियां,
राष्ट्रीय पशु कहलाता हूं।

4
कल बनता धड़ के बिना,
मल बनता सिरहीन।
थोड़ा हूं पैर कटे तो,
अक्षर केवल तीन।



उत्तर: 1-भारतीय संविधान, 2-मोर, 3-बाघ, 4-कमल

## जीके क्विज-89

1. इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड के लिए मुख्य अतिथि के रूप में किसे आमंत्रित किया गया है?
2. हाल में ही किसे भारत रत्न सम्मान दिए जाने की घोषणा की गई?
3. पहली गणतंत्र दिवस परेड कहां पर आयोजित की गई थी?
4. भारत का संविधान कितने दिनों में तैयार हुआ था?
5. कारगिल युद्ध किस वर्ष लड़ा गया था?
6. भारत में दिया जाने वाला सर्वोच्च सैन्य वीरता सम्मान क्या है?
7. पराक्रम दिवस कब मनाया जाता है?
8. कौन-सा नगर अपने रॉक गार्डन के लिए प्रसिद्ध है?
9. किस राज्य को पांच नदियों की भूमि भी कहां जाता है?
10. मलयालम किस राज्य की भाषा है?



**बच्चों, जीके क्विज-89 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-88 का उत्तर:** 1-अर्जुन अवॉर्ड, 2-दूरी, 3-राजस्थान, 4-24 जनवरी, 5-हमिंग बर्ड, 6-मालदीव, 7-हरा, 8-विटामिन सी, 9-2.4 प्रतिशत, 10-भारत

**जीके क्विज-88 का सही उत्तर देने वाले :** अनस-भिलाई, शोभा-धमतरी, सोमना-रायगढ़, सरबजीत-करनाल, प्रभात-बिलासपुर, नीलिमा-धमतरी, गर्वित-रोहतक, आकृति-झज्जर, रौनक-जांजगीर, सुरेश-दिल्ली, मुकुल-रायपुर

## हंसगुल्ले

**टीचर-** रिंकी, यह बताओ कि मोटरसाइकिल में कितने टायर होते हैं?
**रिंकी-** मैडम छह।
**टीचर-** छह कैसे?
**रिंकी-** मैडम चार मोटर के और दो साइकिल के।

**-मुन्नू, रायपुर**

राजू, रमन, रोहन साइकिल पर जा रहे थे। एक ट्रैफिक पुलिस वाले अंकल ने रोक लिया।
**राजू-** सॉरी अंकल सॉरी! साइकिल पर और जगह नहीं है। प्लीज आप किसी और से लिफ्ट ले लीजिए।

**-प्रियंका, जबलपुर**



**गोलू-**गप्पा, मेरे पास कंबल है, रजाई है, स्वेटर है, स्कॉफ है, तुम्हारे पास क्या है?
**गोलू-** मेरे पास गर्म पानी है।


**-सूरज, रोहतक**

कहानी

आशा शर्मा

स्कूल में टीचर्स ही नहीं, प्रिंसिपल साहब भी राजा के प्रशंसक थे। लेकिन रिंकू को राजा फूटी आंख भी नहीं सुहाता था। गणतंत्र दिवस के दिन स्कूल में हुए समारोह के बाद राजा ने जो काम किया, प्रिंसिपल साहब ही नहीं, समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में आए रिंकू के पापा ने भी उसे शाबाशी दी। ऐसा क्या अनोखा किया राजा ने, जो सबकी आंखों का तारा बना।

# स्वच्छता सेनानी




रिंकू के पापा एक बड़े सरकारी अधिकारी हैं। पिछले साल ही उनका ट्रांसफर यहां नए शहर में हुआ था। रिंकू को अपने पापा के बड़ा अधिकारी होने का बहुत घमंड था। एक दिन हिंदी की क्लास में मास्टर जी ने बच्चों से पूछा, 'क्या कोई बता सकता है कि जनवरी माह में कौन-सा विशेष दिन आता है?'

'छब्बीस तारीख को गणतंत्र दिवस आता है।' राजा ने हाथ ऊपर करते हुए उत्तर दिया।

'शाबाश!' मास्टर जी ने राजा की प्रशंसा की। यह देखकर रिंकू ने मुंह बना लिया। उसे राजा जरा भी अच्छा नहीं लगता है।

'पता नहीं क्यों स्कूल में सब उसे अच्छा कहते हैं। मुझे तो उसमें कोई अच्छी बात नजर नहीं आती।' रिंकू मन ही मन सोचने लगा।

गणतंत्र दिवस से जुड़ी कई जानकारियां मास्टर जी ने आज क्लास में दी, लेकिन रिंकू का ध्यान तो केवल राजा पर ही टिका हुआ था।

'पढ़ने में अच्छा है तो क्या हुआ! सेहत तो देखो, मरगिल्ली-सा। ना बड़ा घर ना गाड़ी। इसके पापा भी बड़े आदमी नहीं। फिर सब लोग इसे इतना पसंद क्यों करते हैं?' रिंकू दिन भर राजा के बारे में ही सोचता रहा।

गणतंत्र दिवस समारोह में रिंकू के पापा को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। यह पता चलते ही रिंकू अपने आपको बहुत खास महसूस करने लगा। समारोह में रिंकू भी अपने पापा के साथ उनकी सरकारी गाड़ी में बैठकर स्कूल आया। स्कूल के मुख्य दरवाजे पर खड़े चौकीदार ने उसके पापा को जोर से सलाम ठोका, तो रिंकू का सिर कुछ और तन गया। गणतंत्र दिवस समारोह शुरू हुआ तो वह अपने स्कूल के बच्चों के बीच अपने आप को बहुत खास समझ रहा था।

गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में बहुत से लोग उपस्थित थे। कुछ बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देनी थी, कुछ को उनकी उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत करना था। इन सबके साथ-साथ बच्चों के अभिभावक भी स्कूल समारोह में उपस्थित थे।

कार्यक्रम बहुत ही अच्छे से संपन्न हुआ। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अपने संबोधन में रिंकू के पापा ने बच्चों को साफ-सफाई के महत्व और महापुरुषों के सिद्धांतों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के बाद रिंकू के पापा ने स्कूल के प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कृत किया। मिठाई वितरण के बाद प्रिंसिपल साहब पापा को लेकर हॉल में गए, जहां उनके नाश्ते का प्रबंध किया गया था। रिंकू भी उनके साथ अंदर गया।

वापस बाहर आने पर सबने देखा कि समारोह से पहले जो परिसर सजा हुआ और साफ-सुथरा दिखाई दे रहा था, वहीं अब इधर-उधर मिठाई के जूठे दोने बिखरे पड़े हैं। सजावट के लिए लगाए गए गुब्बारे और रंगीन झालरें भी नष्ट होकर जमीन पर गिरी हैं। परिसर की यह हालत देखकर प्रधानाध्यापक जी रिंकू के पापा के सामने बहुत शर्मिंदा महसूस कर रहे थे।

तभी सबने देखा कि हाथों में दस्ताने पहने और चेहरे पर मास्क लगाए एक बच्चा परिसर में बिखरा कूड़ा उठाकर उसे डस्टबिन में डाल रहा है। सबका ध्यान उस बच्चे की तरफ था, लेकिन बच्चे का ध्यान किसी पर भी नहीं था। वह चुपचाप अपना काम कर रहा था। यह देखकर प्रिंसिपल जी के चेहरे पर प्यार भरी मुस्कान तैरने लगी। उन्होंने उसे आवाज दी। बच्चे ने पास आकर अपना मास्क उतारा और बोला, 'नमस्ते सर!'

मास्क उतारते ही रिंकू हैरान रह गया। यह तो राजा था।

'मैं जानता था, यह राजा ही होगा।' कहते हुए प्रिंसिपल ने गर्व से रिंकू के पापा की तरफ देखा।

'यह बच्चा हमारे स्कूल की शान है। स्कूल परिसर को खुद भी साफ रखता है और दूसरे बच्चों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करता है। मैं तो इसे स्वच्छता सेनानी कहता हूं।' प्रिंसिपल साहब ने राजा की तारीफ करते हुए कहा।

रिंकू के पापा ने भी उसकी पीठ ठोक कर उसे आशीर्वाद दिया, साथ ही अपनी जेब में से पेन निकालकर राजा को देते हुए बोले, 'यह छोटा-सा सम्मान स्वच्छता सेनानी के लिए।'

रिंकू ने आगे बढ़कर राजा को गले से लगा लिया। वह समझ गया था कि राजा के इसी अच्छे स्वभाव के कारण सब उसे पसंद करते हैं। *

कविता

गौरीशंकर वैश्य विनम्र



## सैनिक

रक्षाधर्म निभाते सैनिक।
'वंदेमातरम्' गाते सैनिक।
भारत को कोई ललकारे
उसको सबक सिखाते सैनिक।
निज तन की परवाह न करते
हंसकर प्राण लुटाते सैनिक।
'जय जवान' का घोष सुनें जब
गर्व से हैं भर जाते सैनिक।
मां के वीर सपूत कहलाते
कभी न पीठ दिखाते सैनिक।
घर-कुटुंब की करें न चिंता
त्यागी भाव जगाते सैनिक।
राष्ट्र कृतज्ञ कभी न भूले
हो शहीद जब जाते सैनिक।

## अंतर बताओ


बच्चों, यहां पर रिपब्लिक-डे सेलिब्रेशन से जुड़े एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। जल्दी से ये अंतर ढूंढकर बताओ तो जरा।



उत्तर: 1-आसमान में सूरज नहीं दिख रहा है। 2-लड़की के टॉप पर डिजाइन अलग दिख रहा है। 3-डॉगी के बैठने की स्थिति में अंतर है। 4-नीली गेंद भी और दिख रही है। 5-लड़के के सिर पर पहनी टोपी का रंग अलग है।

## गिनकर बताओ

बच्चों, दिए गए चित्र में आसमान में कई सारे गुब्बारे दिख रहे हैं। तुम्हें जल्दी से गिनकर यह बताना है कि इस चित्र में तिरंगे गुब्बारों की कुल संख्या कितनी है।



उत्तर: 13

## चित्र पूरा करो

बच्चों, यहां पर गणतंत्र दिवस उत्सव से जुड़ा एक अधूरा चित्र दिया गया है। इसे पूरा करने के लिए चित्र के साइड में चार कटआउट्स रखे हैं। जल्दी से सही कटआउट को खाली जगह पर लगाकर चित्र पूरा करो।




उत्तर : a-2, b-3, c-4, d-1

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की बैठक 29 को

**हिसार।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, आपकी बेटी-हमारी बेटी, पोषण अभियान, के तहत जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक 29 जनवरी को आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त उत्तम सिंह करेंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी सरिता शर्मा ने बताया कि बैठक में विभाग द्वारा क्रियान्वित प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, आपकी बेटी-हमारी बेटी, पोषण अभियान की समीक्षा की जाएगी। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को उपस्थित रहने की हिदायत दी गई है।

### महावीर कॉलोनी में भागवत कथा कल से

**हिसार।** श्री कृष्ण प्रणामी महिला सत्संग मंडल, महावीर कॉलोनी-चंदुलाल गार्डन के तत्वाधान में वाटर वर्क्स के सामने शिव चौक महावीर कॉलोनी में 27 जनवरी से 2 फरवरी तक श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। कथा के पहले दिन श्री श्याम मंदिर, शिव चौक से कथा स्थल तक कलश यात्रा निकाली जाएगी। स्वामी राज दास महाराज कैमरी वाले रोजाना दोपहर के बाद प्रवचन देंगे।

### मिडटाउन ग्रांड में कला प्रदर्शनी आज से

**हिसार।** पेंटिंग आर्टिस्ट वेद प्रकाश चित्रकार व इनके बेटे सिकंदर के बनाए चित्रों की प्रदर्शनी 26 जनवरी से 28 जनवरी तक मिडटाउन ग्रांड में लगाई जाएगी। इसका उद्घाटन गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के कुलपति की धर्मपत्नी डॉ. वंदना बिश्नोई करेंगी। उल्लेखनीय है कि वेद प्रकाश चित्रकार का पूरा परिवार ही पेंटर आर्टिस्ट्स का है जिसमें उनके बेटे सिकंदर और बेटी चेतना भी शामिल हैं।

### मान सिंह चौहान बने युवा प्रदेशाध्यक्ष

**हिसार।** सर्व समाज समता संघ की एक मीटिंग संघ के प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश परिहार की अध्यक्षता में संघ के अर्बन एस्टेट स्थित कार्यालय में हुई। इसमें सर्वसम्मति से पूर्व पार्षद एवं एडवोकेट मान सिंह चौहान सर्व समाज समता संघ का युवा प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर बृजमोहन पंवार प्रदेश महासचिव, दिनेश धानिया, एडवोकेट जिले सिंह कांटीवाल, अनिल रंगा, मास्टर महेन्द्र सिंह, कैलाश प्रजापति, महाबीर जांगड़ा पूर्व सरपंच, सुनील साहनू, बलबीर इन्दल, हेमंत सैनी व सूरज आदि उपस्थित रहे।

### आरएसएस के वरिष्ठ स्वयं सेवक हरिओम का निधन

**हिसार।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ स्वयं सेवक व समाजसेवी हरीओम का बुधवार की रात्रि उनके



घर पर लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे नगर की कई धार्मिक-सामाजिक संस्थाओं से जुड़े रहे। वे बहुत ही मिलनसार व सेवाभावी व्यक्ति थे। वे भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील वर्मा के पिता थे। उनकी आयु 81 वर्ष की थी। वे काफी समय तक सिंचाई विभाग में कार्यरत रहे। मीडिया प्रभारी सुरेश गोयल धूप वाला ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर बस अड्डा स्थित शमसान गृह में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में भाग लेने व उन्हें श्रद्धांजलि प्रकट करने के लिए शहरी स्थानीय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, मेयर गौतम सरदाना सहित नगर के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### शहीद बाबा साहिब सिंह सैन मंच ने आभार जताया

**हिसार।** केंद्र सरकार द्वारा गरीबों के मसीहा कपूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित करने पर शहीद बाबा साहिब सिंह सैन मंच ने बैठक कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। इस मौके पर प्रदेश महासचिव राजकुमार भाटी, पूर्व डिप्टी डायरेक्टर डीसी भाटी, भाजपा नेता जोगीराम खुंडिया, कैप्टन तुला राम, डॉ. विनोद शर्मा, सरपंच राजबीर, कृष्णा भाटी, विजय यादव पटना, भारत भाटी, भगवान बड़सीवाल, रामदास सैन आदि उपस्थित थे।

---

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन

# यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों पर भारी जुर्माना लगाने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

उपायुक्त उत्तम सिंह ने वीरवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की हिदायत दी।

- सड़क दुर्घटनाओं में आई दस प्रतिशत की कमी

बैठक में उपायुक्त को अवगत करवाया गया कि वर्ष 2022 के मुकाबले 2023 में कुल सड़क दुर्घटनाओं में 10 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है और इसमें और अधिक सुधार के लिए अतिरिक्त कदम उठाए जा रहे हैं। बार-बार यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले चालकों के खिलाफ गंभीर जुर्माना लगाया जाए और उनके लाइसेंस को जब्त किया जाए। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जरूरी कदम उठाते हुए ई-चालान की मदद से ऑवर स्पीड, बिना हेल्मेट, ट्रिपल सवारी तथा बिना सीट बैल्ट वाले चालकों के चालान करने के निर्देश दिए।



हिसार। बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते उपायुक्त उत्तम सिंह। फोटो: हरिभूमि

### मार्किंग के कार्यों को जल्द पूरा करें

उन्होंने अधिकारियों को सभी सड़कों के निर्माण कार्यों व उन पर मार्किंग के कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त नए साईन बोर्डो को लगाने, दुर्घटनाओं संभावित क्षेत्रों को मार्क करने, पुरानी गलत मार्किंग को हटाने तथा लाईट बलिंकर की व्यवस्था को दुरूस्त करने की भी हिदायत दी गई। बैठक में हांसी के पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद, अतिरिक्त उपायुक्त नीरज, नारनौंद के एसडीएम सोनू भट्ट, एसीयूटी अर्पित सांगल, हांसी के एसडीएम मोहित महराणा, बरवाला की एसडीएम विजया मलिक, जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप सिहाग, जिला नगर योजनाकार गुंजन वर्मा, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी सुभाष चंद्र शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### पुलिस ने विशेष अभियान चलाया

पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने बैठक के दौरान सभी पुलिस नाकों पर एक विशेष अभियान चलाकर ट्रैक्टर ट्रॉलियों सहित अन्य वाहनों डिवाइडर, खंभों, बैरिकेड इत्यादि पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने तथा कोहरे की स्थिति में सफेद पट्टी को दुरुस्त करने की हिदायत भी दी गई।

### अवैध कटों पर नोटिस देने के निर्देश

डीसी ने कहा कि नेशनल हाइवे पर ढाबा व पेट्रोल पंप के सामने बने अवैध कटों की दिशा में ढाबा व पेट्रोल पंप संचालकों को नोटिस दिए जाए। सीसीटीवी कैमरों की मॉनिटरिंग व इनकी स्क्रीन के लिए सभी कंट्रोल रूमों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई जाए। रेहड़ी व वेंडरों के लिए अस्थाई वेंडिंग जोन घोषित किया जाए, ताकि मुख्य चौकों व चौराहों से यातायात में बाधा न आए। ट्रैफिक मार्शलों व वॉलिंटियर की सहायता से यातायात नियमों की जागरूकता के लिए अभियान चलाया जाए।

### दवाओं की खरीद-फरोख्त रिपोर्ट मांगी

उपायुक्त ने पुलिस विभाग व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को एनकोर्ड (ड्रग फ्री हरियाणा) के तहत ड्रग तस्करी एवं नशीली दवाइयों पर अंकुश लगाने के लिए संयुक्त रूप से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को संवेदनशील दवाइयों की खरीद-फरोख्त की विस्तृत जानकारी पांच दिन के अंदर उपायुक्त कार्यालय में प्रस्तुत करने के हिदायत दी।

### 45 लाख 87 हजार का जुर्माना लगाया

अवैध खनन के विषय पर बैठक में उपायुक्त ने ओवर लोडिंग वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए संबंधित विभागों द्वारा संयुक्त टीम गठित करके प्राथमिक सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) एवं ज्यादा से ज्यादा चालान करने तथा जुर्माना वसूली की हिदायत दी। बैठक में उपायुक्त को अवगत करवाया गया कि हाल ही में विभाग द्वारा कुल 45 लाख 87 हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया गया है।

---

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा व कांग्रेस संदेश यात्रा ने विपक्षियों की नींद उड़ाई : खोवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी द्वारा मणिपुर से मुंबई के लिए शुरू की गई भारत जोड़ो न्याय यात्रा एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा की ओर से हरियाणा में शुरू की गई कांग्रेस न्याय यात्रा की लोकप्रियता देखकर भाजपा की नींद उड़ गई है।

यह बात हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने दोनों यात्राओं को सफल बताते हुए कही। उन्होंने कहा कि हिसार में विशाल रैली करके अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव कुमारी सैलजा, सीडब्ल्यूसी के सदस्य रणदीप सुरजेवाला व विधायक किरण चौधरी सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने कांग्रेस न्याय यात्रा की ऐतिहासिक शुरुआत की और अब इस यात्रा के माध्यम से अन्य जिलों में कांग्रेस की नीतियों का प्रचार किया जा रहा है। इसके माध्यम से वरिष्ठ नेता राहुल गांधी व पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है।



हिसार। कांग्रेस संदेश यात्रा में उपस्थित कांग्रेस नेता। फोटो: हरिभूमि

## विधायक जोगीराम सिहाग लहराएंगे गणतंत्र दिवस पर झंडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

उपमंडल परिसर में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बरवाला के विधायक जोगीराम सिहाग होंगे। आईएएस अधिकारी एसडीएम सोनू भट्ट ने बताया कि कार्यक्रम में विधायक जोगीराम सिहाग द्वारा स्वतंत्रता सेनानी व उनके परिवारों को सम्मानित किया जाएगा। स्कूली छात्र देशभक्ति के कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर दी गई है। कार्यक्रम को लेकर रिहर्सल करवाई गई। कार्यक्रम में सरकारी विभागों में अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारियों को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

# महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय मतदाता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज भिवानी रोहिल्ला में बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए एक नाटक का मंचन किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय चेयरमैन भारत भूषण प्रधान ने छात्राओं से कहा कि हमें अपने मताधिकार के बारे में जागरूकता लाने की आवश्यकता है।

महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा ने छात्राओं से कहा कि भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने एवं राष्ट्र के प्रति अपने कर्त्तव्यों को निभाने का संकल्प लेना चाहिए। प्राध्यापिका बिमला के नेतृत्व में छात्राओं ने विभिन्न दृश्यों को बहुत अद्भुत व रोमांचक ढंग से प्रस्तुत किया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा ने छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नाटक मंचन की सराहना की और कहा कि लोकतंत्र की नींव मताधिकार पर ही रखी जाती है।





हिसार। मताधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए नाटक का मंचन करते विद्यार्थी।

---



हिसार। लोकतंत्र मजबूत बनाने की शपथ लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## लोकतंत्र मजबूत बनाने की ली शपथ

**हिसार।** महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल के प्रांगण में राष्ट्रीय मताधिकार दिवस पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया व विद्यार्थियों को उनके मताधिकार के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर शिक्षकों ने बच्चों को उनका मत के प्रति अधिकार संबंधी विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। बच्चों को जानकारी देते हुए बताया गया की देश के व्यस्क 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग करके केंद्र व राज्यों की सरकारों का निर्वाचन किया जाता है। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक अजीज प्रधान तथा डॉ. शमीम शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर स्कूल की प्राचार्या डॉ. सरिता शर्मा ने विद्यार्थियों को लोकतंत्र मजबूत बनाने की शपथ दिलवाई।

# स्वामी गणेशानंद गिरि पुण्यतिथि पर शिवालय मंदिर में गुरुपर्व मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

महामंडलेश्वर स्वामी गणेशानन्द गिरि की 16वीं पुण्यतिथि पर पड़ाव चौक स्थित प्रयागिरि शिवालय मंदिर के गीता भवन में गुरुपर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्रधान नारायण दास बंसल ने की। स्वामी गणेशानन्द गिरि को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। सभी संस्थाओं के प्रशासक एवं प्रधानाचार्य सतेन्द्र गोयल ने कार्यक्रम की जानकारी दी। संकीर्तन के साथ बच्चों ने भजन व गीत प्रस्तुत किए। स्कूल प्रबंधक ओम प्रकाश असीजा, संगीत अध्यापक रवि मोहन, प्रवीन कम्बोज, नेहा व सतपाल ने भजनों से समां बांधा और उपस्थितजनों को भाव विभोर कर दिया। संस्था प्रधान बंसल ने स्वामी जी के आध्यात्मिक व सामाजिक कल्याण से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंग सुनाए और उनके जीवन जुड़ी यादें सांझा की।

मौके पर वरिष्ठ उपप्रधान कैलाश चौधरी, सचिव सुरेन्द्र सिंगल, पितरूमल गोयल, गंगा प्रसाद मौर्य, राम अवतार सिंघल, रमेश लोहिया, प्रयाग, जीएनजेएन गोयन्का स्कूल मुख्याध्यापिका अंगूरी देवी व स्टाफ सदस्य, विद्यार्थी मौजूद थे।



हिसार। शिवालय मंदिर के गीता भवन में गुरुपर्व पर उपस्थित शिक्षक व विद्यार्थी।



हांसी। नव मतदाताओं को संबोधित करते विधायक विनोद भ्याणा। फोटो: हरिभूमि

## राष्ट्र का भविष्य उज्जवल बनाने की सोच रखने वाले नेताओं के पक्ष में मतदान करना चाहिए : विधायक

- राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में नव मतदाता सम्मेलन आयोजित

**हांसी।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर बृहस्पतिवार को राजकीय महाविद्यालय में नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में विधायक विनोद भयाना ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। महाविद्यालय के सभागार में उपस्थित नव मतदाताओं को शुभकामनाएं देते हुए विधायक विनोद भ्याणा ने कहा कि आपको पहली बार मतदान करने का सौभाग्य मिला है। देश में पहली बार मतदाता बने युवाओं की बहुत बड़ी संख्या है। प्रजातांत्रिक प्रणाली मत का बहुत बड़ा महत्व होता है। इसलिए अपने वोट का प्रयोग बहुत ही सोच समझकर करना चाहिए, क्योंकि आपके वोट से ही सरकारें बनती हैं, और देश के विकास के लिए नीतियों का निर्धारण करती हैं। उन्होंने नव मतदाताओं से अपील की वे हमेशा अपने भविष्य को ध्यान में रखकर उन प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करें जो राष्ट्र हित की सोच को सर्वोपरि मानते हो। इस अवसर पर कालेज प्राचार्य डॉ पवित्र मोहन, भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक ढालिया, कपिल नेहरू, महाविद्यालय का स्टाफ तथा काफी संख्या में नव मतदाता उपस्थित थे।

## देश के बेहतर भविष्य के लिए मतदान करें : सीमा

**बरवाला।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा की वरिष्ठ नेत्री सीमा गैबीपुर मुख्य वक्ता रही। कार्यक्रम का संयोजन मोर्चा के जिला महामंत्री अनिल भैरू ने किया। सीमा गैबीपुर ने कहा कि युवा देश के बेहतर भविष्य के अवश्य मतदान करें। मौके पर शमशेर पंघाल, सुरेश जाखड़, साधुराम जाखड़, डा. देशराज, रोहतास ग्रोवर, रोहतास बेनीवाल, राधेश्याम विचारक, नवप्रीत कौर, रघु ढुहन, अनिल राणा, परमजीत, जितेंद्र, सतेंद्र, प्राचार्य डा. रमेश आदि मौजूद रहे।



बरवाला। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा नेता सीमा गैबीपुर व अन्य।

# राजकीय महिला महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब किया कार्यक्रम

**हिसार।** राष्ट्रीय युवा दिवस पखवाड़ा अभियान के अवसर पर राजकीय महिला महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब की ओर से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें रक्तदान शिविर, एचआईवी/एड्स पर जागरूकता व्याख्यान, एचआईवी/एड्स जागरूकता के लिए हस्ताक्षर अभियान, नेल एक्ट, सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता फैलाना, फेसबुक, इंस्टाग्राम, नाको एड्स जैसी गतिविधियां शामिल रही।

रक्तदान शिविर में रक्त संग्रहण के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज से टीम डॉ. अजय कोचर के नेतृत्व में आई। महाविद्यालय प्राचार्य रमेश आर्य ने रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। शिविर में 36 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रेडक्रॉस व रेड रिबन क्लब की संयोजक डॉ. अनीता तनेजा ने एचआईवी/एड्स पर जागरूकता व्याख्यान दिया। छात्राओं को नाको एड्स ऐप के बारे में भी जानकारी दी गई। छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया।



हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं व प्राध्यापिकाएं।

## सर्वेश हेल्थ सिटी ने अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन

# स्वास्थ्य, स्वच्छता व पोषक भोजन के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में सर्वेश हेल्थ सिटी एवं यूथ वीरांगनाए एनजीओ ने मिलकर कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर बच्चियों एवं लड़कियों की मुफ्त स्वास्थ्य जांच की गई। स्वास्थ्य, स्वच्छता व पोषक भोजन के बारे में बच्चों को विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सर्वेश हेल्थ सिटी की को चेयरमैन एवं विख्यात गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ. सरिता कालरा उपस्थिति रही। उन्होंने बच्चियों में उम्र के अनुसार होने वाली बीमारियों के बारे में विस्तार से बात की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सर्वेश हेल्थ सिटी के पीडियाट्रिशियन डॉ. मनु सिद्धार्थ व गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ. ज्योत्सना कामरा रहे जिन्होंने यूथ वीरांगनाए एनजीओ द्वारा लाये गए स्लम एरिया के बच्चों को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी

यूथ वीरांगनाएं एनजीओ की तरफ से प्रेसिडेंट वीना ढींगरा, रजनी गाबा, मीनू पाहवा, पूजा वधवा व अन्य मेंबर्स स्लम एरिया से बच्चियों एवं महिलाओं को लेकर कार्यक्रम में पहुंचे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी महिलाओं एवं बच्चियों को सर्वेश हेल्थ सिटी एवं यूथ वीरांगनाएं एन जी ओ की तरफ से सैनिटरी पैड्स, कलरिंग बुक्स सेट वितरित किए गए। एनजीओ ने डॉ. सरिता कालरा, डॉ. ज्योत्सना कामरा व डॉ. मनु सिद्धार्थ को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित सर्वेश हेल्थ सिटी की टीम, एनजीओ, महिलाएं व बच्चे।

# हर प्रकार के पाप को हर कर मनोवांछित फल देती है श्री सत्यनारायण भगवान की कथा : जोशी

- ट्रस्ट के सचिव प्रवीण बंसल ने ज्योत प्रज्जवलित कर की कार्यक्रम की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

चौपटा बाजार स्थित विष्णु भगवान मन्दिर ट्रस्ट द्वारा बृहस्पतिवार को पूर्णिमा के दिन मंदिर परिसर में श्री सत्यनारायण भगवान जी की कथा का आयोजन किया गया। कथावाचक पंडित पुरुषोत्तम जोशी ने कथा का महत्व बताते हुए कहा कि भगवान सत्यनारायण जी की कथा हर प्रकार के पाप को हर कर मनोवांछित फल देती है। कलियुग में सच्चे मन से भगवान का नाम जपने से ही समस्त पापों का नाश हो जाता है। ट्रस्ट के सचिव प्रवीण बंसल ने ज्योत प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

इस अवसर पर रिटायर्ड तहसीलदार अमरनाथ, तनुज खुराना, नवीन लोहिया, रामनिवास सरोहा, मधु बंसल, ज्योति शर्मा, कविता शर्मा, मधु गोयल, प्रेमलता, स्नेहलता जैन, गंगा देवी, प्रीति गोयल, सुमन सोनी, कमलेश, शांति जोशी, बबिता व दीक्षित शर्मा सहित अन्य भक्तगण उपस्थित रहे।



हांसी। श्री विष्णु भगवान मन्दिर में श्री सत्यनारायण भगवान की कथा सुनाते पंडित पुरुषोत्तम जोशी। फोटो: हरिभूमि

## फतेहचंद महिला महाविद्यालय में नमो नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन

# नव मतदाता वोट का उपयोग श्रेष्ठ राष्ट्र निर्माण के लिए अवश्य करें : डॉ. गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि 18 वर्ष से 25 वर्ष की जिस पड़ाव पर युवा शक्ति पहुंचती है, इस आयु में बहुत सारे परिवर्तन उनमें देखने को मिलते हैं। यही बदलाव उनको राष्ट्र और समाज के नवनिर्माण की अग्रणी भूमिका की और ले जाते हैं। उनको नए भारत का भविष्य तय करना होता है। यह समय उनके जोश और उमंग भर होता है। कुछ कर गुजरने का एक जज्बा उनमें होता है। डॉ. गुप्ता बृहस्पतिवार को फतेचन्द महिला महाविद्यालय के सभागार में नमो नव मतदाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।


हिसार। सम्मेलन में उपस्थित निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, गायत्री देवी व अन्य।

कार्यक्रम का संयोजन युवा मोर्चा की प्रदेश मंत्री गायत्री यादव ने किया। उपस्थित युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुयल भाषण भी सुनाया गया। अंत मे भाजपा नेत्री गायत्री यादव ने सभी को शपथ दिलवाई कि वे आने वाले चुनावों में अपने मतदान का उपयोग श्रेष्ठ व शक्तिशाली राष्ट्र निर्माण के लिए अवश्य करेंगे।

इस अवसर पर संयोजक भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष गायत्री देवी, सुरेश गोयल धूपवाला, मनोज, आशीष जोशी, विकास जैन, मैनेजमेंट प्रेसिडेंट रामकुमार रावलवासिया, जैनेंद्र जैन, बनारसी दास, मदन लाल, राजेंद्र गर्ग, प्रिंसिपल अनीता शेरावत, सुषमा अग्रवाल, पल्लवी आर्य, डॉ. पीयूष सविता सिंगल, शिव सिंघल आदि मौजूद थे।

# मतदाता प्रजातंत्र का प्राण, जागरूक रहना जरूरी : भव्य बिश्नोई


- विधायक ने किया अनेक विकास कार्यों का शिलान्यास व उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

आदमपुर विधायक भव्य बिश्नोई ने कहा है कि लोकतंत्र में युवा मतदाताओं की भूमिका काफी अहम एवं निर्णायक होती है। जब तक प्रत्येक वोटर अपने संवैधानिक अधिकार के साथ-साथ कर्तव्यों का प्रयोग सजगतापूर्वक नहीं करेगा तब तक किसी भी लोकतांत्रिक प्रणाली वाले राष्ट्र का सर्वांगींण विकास संभव नहीं है। मतदाता ही प्रजातंत्र का प्राण होता है, जिसका जागरुक रहना बहुत जरुरी है। भव्य बिश्नोई आदमपुर में नव मतदाता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में कई योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन भी किया।


हिसार। विकास कार्यों का उद्घाटन करते विधायक भव्य बिश्नोई। *फोटो: हरिभूमि*

भव्य ने कहा कि देश को विकसित बनाने का प्रधानमंत्री का जो संकल्प है, उसे पूरा करने का माध्यम युवा ही बनेंगे। अब युवा ये नहीं कह सकते कि हम राजनीतिक नहीं है, क्योंकि जीवन के हर मोड़ पर राजनीति मिलती है। फर्क यह है कि आज प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति की परिभाषा बदल दी है।




# विधायक सिहाग ने गोशाला संचालकों को वितरित किए सहायता राशि चेक

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

बरवाला के विधायक जोगीराम सिहाग ने बृहस्पतिवार को विभिन्न गोशाला संचालकों को सहायता राशि के चेक वितरित किए। विधायक सिहाग ने कहा कि अगर हमें पूरी श्रद्धा से गोमाता की पीठ पर मात्र हाथ सहलाने से ही कई रोगों से मुक्ति मिल जाती है, तो गोमाता की सेवा से तो परमपिता परमात्मा प्रसन्न होकर गोभक्तों पर अपनी विशेष कृपा बरसाते है। उन्होंने बताया कि अग्रोहा रोड स्थित श्री गोरक्षा सेवा समिति को 4 लाख 65 हजार रुपये, श्री गोपाल गोशाला को 6 लाख 91 हजार 500 रुपये, श्री लाड़वा गोशाला को 6 लाख 86 हजार 250 रुपये, गांव तलवंडी राणाा स्थित श्री शाहलिग राम गोदाम को 1 लाख 34 हजार रुपये, गांव जुगलान स्थित बाबा मोतीनाथ गोशाला को 4 लाख 50 हजार, गांव धांसू स्थित राधा कृष्ण गोशाला को 3 लाख 94 हजार 500 रुपये, गांव न्याणा स्थित श्री शिव गोशाला समिति को 5 लाख 31 हजार 750 रुपये तथा मिर्जापुर स्थित श्री योग भगवान कृष्ण कपिला गोशाला को 3 लाख 19 हजार 500 रुपये की राशि के चेक सौंपे गए हैं। उन्होंने स्थानीय दिल्ली रोड स्थित श्री योग भगवान कृष्ण कपिला गोशाला का निरीक्षण किया और गोशाला समिति को चेक भी सौंपा।


हिसार। गोशाला में समिति को चेक सौंपते व स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए विधायक जोगीराम सिहाग। *फोटो: हरिभूमि*

इस मौके पर भीमसैन असीजा, सुनील कटारिया, महेश नारंग, हरि ओम, अशोक छाबड़ा, हैप्पी गेरा, विजय ढल, नीरज ढींगड़ा, विशाल नागपाल, बलदेव ग्रोवर, गुलशन सेहरा, धीरज मक्कड़, रविंद्र असीजा आदि मौजूद रहे।

## भारत की ताकत इसकी युवाशक्ति : डॉ. वत्स

**हिसार।** राज्यसभा सांसद डॉ. डीपी वत्स ने कहा कि पहले के समय में सत्ता तलवारों के दम पर बनती थी लेकिन आज वर्तमान में लोकतंत्र के कारण आम आदमी और युवाओं के मतदान से देश के भविष्य की निर्धारण होता है इसलिए हर युवा को अपने मतदान के अधिकार के प्रति जागरूक होकर अपना कर्तव्य निभाते हुए मतदान करना चाहिए। वे यहां महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज अग्रोहा के ओपी जिंदल सभागार में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर नमो नवमतदाता सम्मेलन में मुख्यातिथि के तौर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। सांसद वत्स ने कहा कि देश का भविष्य युवा और उनका मत ही सुनिश्चित करता है।

## अमरजीत यादव बने प्रधान व राजेश सैनी बने सचिव

**हांसी।** ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन मुख्यालय हिसार संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का 3 वर्षीय वार्षिक सम्मेलन हांसी सिटी सबडिवीजन में यूनिट प्रधान सुरेंद्र हुड्डा की अध्यक्षता में संपन्न करवाया गया सिटी सब यूनिट के चुनाव में सर्वसम्मति से अमरजीत यादव प्रधान, राजेन्द्र कुलाना उप प्रधान, राजेश सैनी सचिव, सुनिल कुमार कैशियर, कुलदीप राजपुरा सहसचिव, रमेश शर्मा व गौरव कथूरिया को संगठन सचिव चुना गया। सम्मेलन के दौरान मंच संचालन सचिव रोहतास शर्मा ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्य प्रेस सचिव सुरेंद्र यादव ने कहा कि केंद्र सरकार हुए राज्य सरकार कर्मचारियों के मुद्दों पर कोई भी समाधान नहीं कर रही है। सम्मेलन को सतीश शर्मा, विनोद दुहन, जॉनी कुमार, मनोज बडाला,जेई राज सिंह यादव, कुलदीप भ्याण, रमेश वर्मा,सुधीर चहल, वेदपाल, सहीराम आदि ने संबोधित किया।


हिसार। जिला मलेरिया अधिकारी कार्यालय में गेट मीटिंग करते सर्व कर्मचारी संघ के पदाधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

## भारत विकास परिषद में टीवी मरीजों को दी किट

**उकलाना।** भारत विकास परिषद शाखा उकलाना द्वारा सिविल हॉस्पिटल उकलाना में 25 टीवी मरीज को डाइट किट वितरित की गई। इसमें मूंग भुने हुए चने, सोयाबीन, बेसन, काला चना, गुड़, मूंगफली की किट बनवाई गई। इस मौके पर डॉ. उमेश सिंह ने कहा कि भारत विकास परिषद समय-समय पर सामाजिक सेवा करती रहती है। इस मौके पर अध्यक्ष गौरव गुप्ता, नीरज बंसल, महेंद्र दहमनिया, प्रांतीय संयोजक सुमन, रमेश कुमारी, मनदीप, जगबीर सिंह, विनोद गोयल, शिवकुमार सिंगल, अंकुर गर्ग आदि मौजूद थे।

## एसकेएस की आक्रोश रैली 4 को जींद में

**हिसार।** एनपीएस को रद कर पुरानी पेंशन बहाली सहित आदि मांगों को लेकर आगामी 4 फरवरी को सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर रोहतक में प्रस्तावित आक्रोश रैली में स्वास्थ्य विभाग के तमाम कर्मचारी बढ़चढ़ कर भाग लेंगे। रैली में कर्मचारियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के अंतर्गत एसकेएस की टीम ब्लॉक हिसार प्रधान ओम प्रकाश माल जिला सचिव राजेश बागड़ी और हितेंद्र सिहाग के नेतृत्व में नागरिक अस्पताल पहुंची। स्वास्थ्य विभाग तालमेल कमेटी के संयोजक नूर मोहमद ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न श्रेणियों के सैंकड़ों कर्मचारी रोहतक रैली में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर एमपीएचई के ब्लॉक प्रधान अमित राठी, नसिंर्ग वेलफेयर एसोसिएशन की जिला प्रधान सुदेश हुड्डा, टेक्निकल ऑफिसर दिनेश कुमार, सतबीर , महेश श्योराण, सोना देवी आदि मौजूद थे।

